आज दिनांक 16.10.2024 को श्री रामेश्वर दास अग्रवाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय हाथरस में प्राचार्या प्रोफेसर सुषमा यादव जी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसके अंतर्गत सड़क सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर सुरक्षा हेतु छात्राओं को जागरूक बनाने के लिए अंग्रेजी विधागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता अरोड़ा द्वारा छात्राओं को शपथ दिलाई गई ।प्रोफेसर संगीता अरोड़ा व प्रोफेसर रंजना सिंह तथा अन्य शिक्षिकाओं द्वारा छात्राओं को यातायात के नियमों को जानने व उनका पालन करने की अनिवार्य आवश्यकता व उसके परिणाम को अवगत कराते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया ।इस अवसर पर छात्राओं ने भी अपने अनुभव व विचारों को मंच पर साझा किया ।इसके साथ ही महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के द्वारा 112 एक पहल कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला उत्पीड़न, साइबर क्राइम ,सड़क दुर्घटना व संदिग्ध वस्तुओं को नजर अंदाज न करना, बुजुर्ग व्यक्तियों की सहायता जैसे संवेदनशील विषयों पर प्रस्तुति दी गई तथा डायल 112 टोल फ्री नंबर उत्तर प्रदेश सरकार के महत्व पर प्रकाश डाला गया ।इस अवसर पर प्रोफेसर मंजू वर्मा डॉक्टर रश्मि , कुमारी नेहा यादव, कुमारी रेशमा, डॉक्टर अंजू,डॉक्टर निम्मी, श्रीमती अतिमा भारद्वाज ,डॉ अनिल, डॉक्टर अमित भार्गव आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अनुपम भारद्वाज द्वारा किया गया।